स०07/01/2016-17-के०सि०से०सां०क्री०बों०

भारत सरकार

कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक तथा क्रीडा बोर्ड

कमरा न० 361 'ब' विंग , लोक नायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली-110 003
दिनांक : 19.09.2016

परिपत्र

विषय : अंतर-मंत्रालय क्रिकेट प्रतियोगिता 2016-17.

अंतर-मंत्रालय क्रिकेट प्रतियोगिता 2016-17 का प्रारंभ 18 अक्टूबर, 2016 से के०सि०से०सां०क्री०बों० के विनय मार्ग खेल परिसर पर किया जाएगा, जो मंत्रालय प्रतियोगिता में भाग लेने मे रुचि रखते हैं 500/- रुपये की फीस के साथ प्रविष्टि (Entry) निर्धारित प्रोफार्मा में (पहले से ही परिचालित) केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक तथा क्रीडा बोर्ड मे जमा करवा सकते है। एक मंत्रालय से केवल एक ही टीम प्रतियोगिता मे हिस्सा ले सकती है। कोई भी प्रविष्टि बिना फीस के स्वीकार नही की जाएगी । टीम के सदस्यो की संख्या (मैनेजर को छोड़ कर) 16 से अधिक नहीं होनी चाहिए । प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर, 2016 है।

2. क्रिकेट प्रतियोगिता लीग कम नॉक-आउट आधार पर खेली जाएगी तथा प्रतियोगिता का ड्रॉ प्रतियोगिता प्रारम्भ होने से पहले केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक तथा क्रीडा बोर्ड के कार्यालय में निकाला जाएगा ।

3. अंतर-मंत्रालय प्रतियोगिता में प्रविष्टि आदि भेजने के लिए तथा भाग लेने के लिए पात्रता की शर्तो के लिए नियमों और विनियमों के बारे में जानकारी कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट (persmin.nic.in/DOPT/Welfare/Sports/About Sports Board) पर उपलब्ध हैं।

4. अंतर-मंत्रालय प्रतियोगिता के लिए अभ्यास पिचें विनय मार्ग एवं ब्रासी एवेन्यू खेल परिसर नई दिल्ली पर उपलब्ध है जिनकी बुकिंग (बोर्ड कार्यालय) मे दिनांक 26 सितम्बर, 2016 के बाद की जाएगी।

राजू बग्गा
(राजू बग्गा)
सहायक सचिव (के०सि०से०सां०क्री०बों०)

मंत्रालयों / विभागों में सभी कल्याण अधिकारी

श्री अशोक कुमार सिद्धू, संयोजक (क्रिकेट) (9891424345)